अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 7 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2083

Page No. 07 : Bottom

# श्रीकृष्ण की लीलाओं की प्रस्तुति ने मोह लिया मन



रिद्धिमा सभागार में गुरुओं के साथ प्रस्तुति देते विद्यार्थी। स्रोत : संस्था

बरेली। रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम नृत्य की कथक शैली में पिरो कर 'कथा कान्हा की' प्रस्तुत की गई। गुरु और विद्यार्थियों की इस प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, प्रेम, भक्ति और उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों का मंचन किया। इसमें कथक के विद्यार्थियों कविमना, अन्वी, आयत, मीरा, विविक्षा, नित्या, त्रिशिका, मुक्तिका, पंखुड़ी, अनिका, प्रेमिका, वार्निका, नित्या ढींगरा, नित्या जैन, प्रकृति, जोया ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने कान्हा की माखन चोरी की लीला, कालिया दमन लीला का कथक नृत्य के माध्यम से मंचन किया।

कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा और विद्यार्थियों ने गिरि गोवर्धन लीला का प्रदर्शन किया। कथक गुरु देव ज्योति नमस्कार, लियाश्री चटर्जी के साथ विद्यार्थियों ने रासलीला का खूबसूरत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में गायक गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने संगीत में पिरोए अपने स्वरों के माध्यम से इस प्रस्तुति को खूबसूरत बनाया।

कार्यक्रम का संचालन दीपाली सक्सेना ने किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संवाद